# सतना चेंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने महापौर को सौंपा ज्ञापन

## रेलवे माल गोदाम के मामले में महाप्रबंधक से मिलने महापौर के साथ जाएगी चेंबर की टीम

रेलवे माल गोदाम को शहर से हटाकर दूसरी जगह पर शिफ्ट करने के मामले को लेकर मंगलवार को सतना चेंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज की टीम ने अध्यक्ष विवेक अग्रवाल के नेतृत्व में महापौर योगेश ताम्रकार से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सतना चेंबर ऑफ़कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की टीम ने महापौर से आग्रह किया कि माल गोदाम को शहर के बीच से हटाने की महिम का नेतृत्व आप करें।



सतना।

तभी महापौर ने कहा कि वह इसके लिए पहले से प्रयास कर रहे हैं नेतृत्व करने की वजह है सबके साथ मिलकर काम करेंगे। सतना चेंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष ने महापौर को बताया कि रेलवे की तरफ से अभी तक यह बयान आते रहे हैं कि बहुत जल्दी माल गोदाम को कैमा के पास ले जाया जाएगा। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि अभी तक माल गोदाम को शहर से हटाकर अन्यत्र स्थान पर ले जाने के लिए किसी भी तरह के कदम नहीं उठाए गए हैं। महापौर ने कहा कि चार-पांच लोग जबलपुर चलकर रेलवे के महाप्रबंधक से मुलाकात करते हैं और इस संदर्भ में चर्चा करते हैं उनसे यह भी जानेंगे कि माल गोदाम को शहर से हटाकर अन्यत्र स्थान पर ले जाने के लिए अभी तक क्या कदम उठाए गए हैं। यह टीम जबलपुर कब जाएगी अभी इसके लिए तारीख मुकर्रर नहीं की गई है।

### महापौर कक्ष के बाहर नारेबाजी

इसके पहले महापौर को ज्ञापन सौंपने गए सतना चेंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारी ने चेंबर के सामने नारेबाजी की। प्रतिनिधिमंडल का कहना था कि माल गोदाम को शहर से अलग करो... अलग करो...! काफी देर तक नारेबाजी होती रही जिसका शोर नगर निगम के बोतल और प्रथम तल तक सुनाई पड़ रहा था। आवाज सुनकर महापौर और नगर पालिका निगम परिषद के अध्यक्ष तत्काल प्रतिनिधि मंडल से मिलने पहुंचे और उसके बाद चेंबर के भीतर बैठकर बातचीत की।

### कलेक्टर को सौप जा चुका है ज्ञापन

इसके पहले सोमवार को सतना चेंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज की टीम ने रेलवे माल गोदाम के पास एकत्रित होकर नारेबाजी की थी और रेलवे के स्टेशन मैनेजर को महाप्रबंधक के नाम ज्ञापन सौंपा था इसके बाद कलेक्टर अनुराग वर्मा को भी माल गोदाम को शहर से अन्य स्थान पर ले जाने की मांग को लेकर भी ज्ञापन सौंपा था। सतना चेंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने रेलवे को 31 जनवरी तक का समय दिया है जिसमें यह कहा गया है कि रेलवे 31 तारीख तक यह बताएं कि वह माल गोदाम को शहर से हटकर अन्य स्थान पर ले जाने के लिए अभी तक क्या कदम उठाए हैं।

# 2 माह से नहीं मिला राशन, दिलाए जाने की मांग को ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



सतना।

जिले के उचेहरा तहसील के पिथौराबाद अतरवेदिया गांव के आधा सैकड़ा ग्रामीणों ने मंगलवार को राशन न मिलने की शिकायत लेकर उचेहरा एसडीएम कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन कियाऔर राशन दिलाने की मांग को लेकर एसडीएम सुरेश बैक को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों का कहना है कि पिथौराबाद पंचायत में इंदिरा महिला सहकारी समिति द्वारा उचित मूल्य दुकान का संचालन किया जा रहा है। सेल्समैन द्वारा गरीबों के लिए आने वाले राशन को 2 माह से नहीं बांटा है जिस कारण उन्हें भूखे मरने की नौबत आ गई है। इस पर एसडीएम श्री बैक ने टीम गठित कर उक्त दुकान के संचालक से जवाब तलब करने व स्टॉक जांचने के त्वरित निर्देश देकर राशन दिलाने का आश्वाशन दिया है।

### मनमाने ढंग से किया जा रहा संचालन

ज्ञापन देने पहुंचे ग्रामीण कृष्णकांत कुशवाहा,बद्री विशाल,दशरथ,रामदेव,दुर्गेश,शिवकुमार,सोहनलाल, अरुण, सूर्यभान, सनी, श्रीकांत, भूपेंद्र मिश्रा,महेश,सुखलाल,राजेश,रामसिया,राजन,देवेंद्र,लवकेश,प्रह्लाद, ओमकार,सुरेश,विनय ने बताया कि सेल्समैन शासकीय उचित मूल्य दुकान पर अपना स्वामित्व मानकर गरीबों को राशन से वंचित कर मनमाने ढंग से संचालन कर रहा है। कई बार ग्रामीण राशन लेने दुकान पहुंचते हैं तो उनसे अभद्र व्यवहार अपशब्दों का प्रयोग कर भगा दिया जाता है समस्त ग्रामवासी ने मांग की है यहां के शासकीय उचित मूल्य दुकान किसी अन्य को दी जाए।

### इनका कहना है-

दो माह के राशन ना दिए जाने संबंधित ग्रामीणों का ज्ञापन पत्र प्राप्त हुआ है। उनको जल्द ही राशन उपलब्ध कराने सुनिश्चित करने के साथ ही इस संबंध में एक टीम गठित की जाएगी जो विधिवत स्टॉक जांचेगी और दोषी पाये जाने पर कर संचालक पर कार्यवाही की जाएगी।

**सुरेश कुमार बैक, एसडीएम उचेहरा**

## मंगलवार को दिन भर रहा जबरदस्त कोहरा, ठंड भी बढी

# कोहरे ने घटाई दृश्यता, एक-दो दिन में बारिश की संभावना

सतना।

जिले में मौसम लगातार ठंडा बना हुआ है। पिछले दिनों बारिश और कोहरे का कहर देखने को मिल रहा था लेकिन मंगलवार को जबरदस्त कोहरा देखने को मिला। दिनभर पूरा जिला कोहरे के कारण ढका रहा। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों ने आने वाले दिनों में हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। वहीं मंगलवार को अधिकतम तापमान 20.01 और न्यूनतम तापमान 13.01 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जिले में मंगलवार की सुबह घना कोहरा छाया रहा। कोहरे की वजह से जहां दृश्यता कम रही वहीं मौसम में तेज ठंड बढ़ गई। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले एक से दो दिन तक कोहरे का असर बना रहेगा। इसके साथ ही आने वाले एक-दो दिन में छुट-पुट बारिश की भी संभावना बन रही है। इस संबंध में मौसम विभाग के प्रभारी अधिकारी आरके श्रीवास्तव बताते हैं कि मंगलवार को कोहरे की वजह से विजिबिलटी 50 मीटर या उससे थोड़ा कम रही। कोहरे की वजह से वाहनों की रफ्तार कम हो गई। हाईवे पर वाहन काफी धीमी गति से चलते देखे गये। जिले में पड़ रहे घने कोहरे और ठंड के चलते शासकीय और प्राइवेट विद्यालयों के समय में बदलाव किया गया है। प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव के द्वारा जारी पत्र में स्कूलों का समय 20 जनवरी तक सुबह 10 बजे से निर्धारित किया गया है।



# जनसुनवाई में 50 आवेदकों के प्रकरणों की हुई सुनवाई





सतना।

सतना जिला मुख्यालय पर मंगलवार को कलेक्टर अनुराग वर्मा के निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर ऋषि पवार एवं डिप्टी कलेक्टर गोविंद सोनी ने जिले के विभिन्न अंचलों से आए 50 आवेदकों की समस्याएं सुनी और समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने,अनुकंपा नियुक्ति,गरीबी रेखा में नाम जोड़ने, खाद्यान पात्रता पर्ची,दाखिल-खारिज कराने,प्रधानमंत्री आवास योजना,अवैध कब्जा हटाने,राशन कार्ड बनाने,विद्युत समस्या,वृद्धावस्था पेंशन,विधवा पेंशन,विकलांग पेंशन,जमीन का कब्जा दिलाने,चिकित्सा सहायता,रोजगार दिलाने,भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर आवेदक जन सुनवाई में पहुंचे।

### मैहर की जन सुनवाई में आए 51 आवेदनों की फरियाद सुनी गई

मैहर जिला कलेक्टर रानी बाटड के द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में जनसुनवाई की गई। इस जनसुनवाई में मैहर जिला सीएसपी मुकेश कुमार वैश्य,एसडीएम सुरेश जाधव,सीईओ प्रतिपाल बागरी,महिला बाल विकास अधिकारी डॉ वी के गौतम सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। आज जनसुनवाई के दौरान कुल 51 आवेदन प्राप्त किए गए। एक आवेदन पुष्पपाल सिगरौल ग्राम मंटोलवा के द्वारा दिया गया जिसमें आरोप लगाए गए है कि पुत्री अर्चना को ससुराल पक्ष के द्वारा 31 मई 2023 को मार दिया है जिस पर न्यायिक जांच को लेकर आवेदन सौंपा गया जिसपर कार्यवाही करते हुए कलेक्टर ने संबंधित थाने से फाइल मंगाने के आदेश दिए गए। इसी तरह एक आवेदन में स्कूली छात्रा के द्वारा बताया गया की एमसीसीटीएम कंप्यूटर कॉलेज के द्वारा अंकसूची नहीं दी जा रही है इससे पहले भी कई छात्रों के द्वारा यही शिकायत की गई थी जिसपर कार्यवाही करते हुए कलेक्टर ने एमसीसीटीएम कॉलेज संचालक के खिलाफ विभागीय कार्यवाही करने के आदेश दिए गए। ग्राम पंचायत पहाड़ी से आवेदन दिया गया की जिसमें बताया गया की गांव में 8 से ज्यादा हैंडपंप खराब पड़े हैं जिस पर पीएचई विभाग के अधिकारी को फटकार लगाते हुए तत्काल जांच कर हैंडपंपों को सुधारने के लिए आदेशित किया गया।

# हेलमेट व सीट बेल्ट न लगाने पर 55 चालकों से वसूले 23500 रुपये

**सतना।** यातायात पुलिस द्वारा यातायात पखवाड़े के दौरान मंगलवार सुबह वाहन चालकों में जागरुकता लाने के उद्देश्य से सेमरिया चौक स्थित थाना से जागरुकता रैली निकाली गयी,जो सिविल लाइन चौराहा, कोठी तिराहा होते हुये पुनः थाना पहुंच कर समाप्त हुई। रैली का उद्देश्य दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने के प्रति तथा चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने के लिये प्रेरित करना तथा वाहनों के कागजात साथ लेकर चलने एवं बिना नंबर प्लेट लगाये वाहन न चलाने की समझाइश देना था। वाहन चालकों को 15 जनवरी तक अपने-अपने वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने के लिये समय दिया गया है। इसके बाद परिवहन विभाग के आदेश पर यातायात पुलिस द्वारा 16 जनवरी से वाहनों के नंबर प्लेट की जांच करके चालानी कार्यवाही की जायेगी।

**55 वाहनों का हुआ चालान-** यातायात थाना के सूबेदार अम्बरीश साहू के अनुसार यातायात पुलिस द्वारा मैहर रोड,चित्रकूट रोड, नागौद रोड पर चेकिंग लगाकर दो पहिया वाहन चालकों के हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चालकों के सीट बेल्ट लगाने की जांच की गयी। हेलमेट न लगाने पर 25 दो पहिया वाहन चालकों पर 300 रुपये प्रत्येक के मान से समन शुल्क वसूली गयी। जबकि 30 चार पहिया वाहन चालकों से सीट बेल्ट न लगाने पर 500 रुपया प्रत्येक चालक के मान से समन शुल्क वसूली गयी। कुल 23500 रुपये समन शुल्क वसूल कर शासन के खजाने में जमा करायी गयी।



# लायन पवन मलिक का जबलपुर में सम्मान

सतना।

अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था लायंस क्लब्स इंटरनेशनल द्वारा लायंस डि.3233 सी (मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़) के मार्केटिंग चेयरपर्सन लायन पवन मलिक को अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा नामित एक्सटेंशन अवार्ड से सम्मानित किया गया है। 7 जनवरी को जबलपुर में आयोजित लायंस डिस्ट्रिक्ट 3233 सी (मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़) की तृतीय कैबिनेट बैठक 'समीक्षा' में लायंस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन शैलेश अग्रवाल (रायगढ़), प्रथम वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन सुधीर जैन,द्वितीय वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन विजय अग्रवाल (कोरबा),ने लायन पवन मलिक को अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा नामित एक्सटेंशन अवार्ड एवं पिन से सम्मानित किया गया। जिसमें तत्कालीन अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष डगलस एक्स.अलैक्जेंडर ने दुनिया भर के 200 से अधिक देशों में सेवा देने वाले 48,000 से अधिक लायंस क्लब्स में सेवा क्षमता का विस्तार करने के लिए कृतज्ञता प्रकट करते हुए दो लायंस क्लब चार्टर करने एक्सटेंशन अवार्ड प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया। लायन पवन मलिक को मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ में 7 नए क्लब खोलने, एवं वर्षों से उनके संचालन में सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु भी प्रोत्साहित किया गया है। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के 125 क्लबों के 290 पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### रेल कर्मचारियों की भूख हड़ताल जारी



**सतना।** 8 से 11 जनवरी तक दूसरे दिन भी रेलवे मजदुर संघ सतना की दोनों शाखाओं ने मिलकर एनपीएस को रद्द करो ओपीएस को बहाल करो चार दिवसीय कर्मिक भूख हड़ताल सतना लोको लॉबी के सामने प्लेट फॉर्म नंबर एक पर सुबह आठ बजे से प्रारम्भ कर संध्या के 20 बजे तक चालू रखा तथा संघ के सचिव आनंद यादव ने बताया की यह भूख हड़ताल लगातार 11 जनवरी तक जारी रहेगी। भूख हड़ताल पर बैठे रहे कर्मचारियों का बस एक ही नारा व मांग थी एनपीएस रद्द करो व ओपीएस बहाल करो भूख हड़ताल में आनंद यादव,योगेश गुप्ता,मुकेश मिश्रा,विनोद गुप्ता,दीपक गौतम,अरुण श्रीवास्तव,आर पी यादव,मनीष पाण्डेय,विकाश कुमार,मुकेश कुमार,नीरज राज,राहुल गौतम,अमित गौतम,आशीष शिवहरे,नवल किशोर, आशीष जैसवाल,भोलेंद्र पटेल, शिव शंकर,राजमणि माली,ए.के.गुलशन,सोनलशर्मा,राकेशसिन्हा,संजय कुमार,अभिषेक आनंद,उदय,निवेंद्र सिंह,धीरेन्द्र सिंह,अम्बर गुप्ता,वेद प्रकाश,सुरेन्द्र कुमार,रविकांत भारद्वाज,सुनील शर्मा,रामपुकार और भी सैकड़ों की संख्या में रेल कर्मचारी उपस्थित रहें।

### कभी भी गिर सकता है नपा की जर्जर दुकानों का बारजा



**मैहर।** नगर पालिका के द्वारा अतिक्रमण हटाए जाने के बाद दुकानदारों को डर सता रहा है । बताया जा रहा है की नगर पालिका के द्वारा कभी भी भवन का मेंटीनेंस नहीं किया गया है जिसके चलते नगर पालिका के भवन की छत जर्जर हालत हो गई जिसके कारण दुकानों के सामने की छत का बारजा गिर सकता है और जनहानि से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। नगर पालिका का ध्यान आकृष्ट कराते हुए दुकानों के सामने के बारजों को मरम्मत किया जाना चाहिए जिससे होने वाली घटना से बचा जा सके।

### डंके की चोट पर टोल नाकों पर होती है वसूली



**मैहर।** टोल वसूल करने वाली एजेंसियों को किसी का डर नहीं है और भदनपुर की टूटी पुलिया मौत का इंतजार कर रही। यहां पर हादसे को रोकने के लिए मैहर विधायक को गंभीरता से सोचना चाहिए। आज आम आदमी,ट्रांसपोर्टर आखिर टैक्स किसलिए देता है। वह टैक्स इसलिए देता है की बदले में उसे बेहतर सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, सुरक्षा और शिक्षा मिले पर क्या ऐसा हो रहा है नही इसका जीवंत उदाहरण प्रस्तुत है भदनपुर के पास टूटी पुलिया। बताया जा रहा है कि मैहर से बरही रोड जहां मैनेजर पहले टीबीसीएल कंपनी के साथ मिलकर जमकर टोल वसूली की जब टेंडर समाप्त हो गया तो एमपीआरडीसी से मिलकर अधाधुंध टोल वसूली कर रहा है। लेकिन सुविधा के नाम पर वाहन मालिकों को दिया है मौत का हर पल इंतजार करती अंधी टूटी पुलिया जो की एकदम घुमावदार अंधे मोड़ में है बताया जा रहा है इस टूटी पुलिया में किसी भी वक्त बस,जीप और मालवाहक वाहन किसी भी वक्त उस पुलिया में समा सकते हैं।

### एकेएस वि.वि.कृषि संकाय विभाग द्वारा अध्ययन एवं शोध कार्य

**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय के मृदा एवं कृषि रसायन विज्ञान विभाग के छात्रों द्वारा अध्ययन-अध्यापन सहित विभिन्न शोध कार्य के साथ-साथ,कृषकों को मृदा प्रबन्धन में भी सहयोग एवं मार्गदर्शन दिया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### शासकीय महाविद्यालय पहुंचे थाना प्रभारी सुधीर बेगी

**पवई।** विद्यार्थियों को पुलिस की कार्य प्रणाली,साइबर अपराध महिला अपराध एवं अन्य अपराधों की जानकारी देने के उद्देश्य से बुधवार को थाना प्रभारी सुधीर कुमार बेगी शासकीय स्नातक महाविद्यालय पवई पहुंचे जहां उन्होंने विद्यार्थियों को वाहन चलाने संबंधी नियम एवं कानून के बारे में जानकारी दी,इसके साथ ही साइबर अपराध,महिला अपराध एवं अन्य अपराधों की विषय में भी विद्यार्थियों को बताया, इसके अलावा सभी को जीवन में अनुशासन के महत्व को भी समझाया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ पी के मिश्रा सहित स्टाफ एवं सैकड़ो की संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

### जमीनी विवाद को लेकर युवक के घर में घुसकर की मारपीट, मामला दर्ज

**अमानगंज।** पुलिस थाना से प्राप्त जानकारी अनुसार फरियादी हककन पटेल पिता श्रीकेश पटेल उम्र 35 साल निवासी कटकहा ने अमानगंज थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि मैं खेती किसानी का काम करता हूं आज दिनांक 9 जनवरी 2024 को सुबह 6 बजे के करीब मैं अपने घर पर था कि तभी मेरे चाचा इंद्रपाल पटेल का लड़का धीरेंद्र आया और मुझे जमीनी विवाद को लेकर बुरी बुरी गालियां देने लगा और उसने कहा कि तुम्हारे बाप को रास्ते के लिए जमीन देनी पड़ेगी नहीं तो तुम्हारे खानदान में कोई नहीं बचेगा और जब मैंने गाली देने का विरोध किया तो मेरे पीछे से धीरेंद्र का भाई राजभान लाठी लेकर आया और मेरे और मेरी मां के साथ मारपीट करने लगा उसने मेरे सर पर लाठी से वार किया जिससे मेरे सर में बाएं तरफ चोट लगी और दाहिने हाथ की उंगली में भी चोट लगी मेरी माँ को भी बाएं हाथ की कलाई में और कमर में दाहिनी तरफ चोटे आईं। मेरे घर वालों ने बीच बचाव किया और जाते-जाते जान से मारने की धमकी देने लगे फरियादी की रिपोर्ट पर अमानगंज थाना पुलिस ने आरोपी धीरेंद्र और राजभान पटेल के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया।

### सांसद विष्णूदत्त शर्मा ने राम जानकी मंदिर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का दिया संदेश



**पन्ना।** सांसद श्री शर्मा ने पन्ना प्रवास के दौरान मंगलवार को सुबह शहर के रामजानकी मंदिर से स्वच्छता अभियान की शुरूआत की। मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर एवं साफ-सफाई कर स्वच्छता की आदत विकसित करने का संदेश भी दिया। सांसद ने कहा कि आगामी 22 जनवरी तक प्रत्येक मंदिर और सार्वजनिक स्थानों में निरंतर स्वच्छता अभियान चलेगा।

# प्राथमिक शिक्षा कबाड़ से जुगाड़ चल चित्र के माध्यम से टी.एल.एम. पद्धति अपनाकर शिक्षा प्रदान की जा रही, शिक्षकगणों का अनुकरणीय प्रयास



**पन्ना।** दृढ इच्छा शक्ति से ही संभव होता है शिक्षा के क्षेत्र में कुछ हटकर जो आगे बढ़ते हुये वहीं जाने जाते है, ऐसा ही पीएस हिनौता स्कूल जहां कबाड़ से ही जुगाड़ बनाकर चल चित्र के माध्यम से प्राथमिक स्कूल के बच्चों को शब्दों के ज्ञान के साथ-साथ मात्राओं के बाद उच्चारण की दिशा तय कराई जा रही है शिक्षा के क्षेत्र में प्राथमिक शिक्षा ही नींव के पत्थर जैसा मानी जाती है जो यहां शिक्षकों के द्वारा छात्र.-छात्राओं का भविष्य कच्ची मिट्टी की तरह गढ कर आगे की दिशा जीवन के लक्ष्य को लेकर सदैव शिक्षा के क्षेत्र में जानी जायेगी। शिक्षा प्रदान करने में शिक्षक ही गुरू की तरह ज्ञान अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने के लिये जाने जाते है। प्राथमिक शिक्षा में ही एक चुनौती होती है जहां शिक्षा का आरंभ का समय होता है छात्र-छात्राओं को विद्यालय में शब्द ज्ञान के साथ-साथ मात्राओं के बाद शब्दों का उच्चारण व शब्द का अर्थ किसे क्या कहते है यह ज्ञान बखूबी कराना पड़ता है यहां शिक्षक की लगन दृढ इच्छा शक्ति से ही संभव होता है कुछ हट कर करने वाले ही अदभुत जाने जाते है ऐसी ही दास्तां पवई जनपद अंतर्गत प्राथमिक स्कूल हिनौता में जहां कबाड़ की सामग्री से चल चित्र का निर्माण करके विद्यालय में छात्र-छात्राओं को चल चित्र के माध्यम से जहां शब्द के साथ मात्राओं के लगने के बाद उच्चारण की दिशा का ज्ञान कराया जा रहा है। यह वास्तविकता में टी.एल.एम. पद्धति बताई जा रही है पर यहां जिस तरह से कच्छी मिट्टी से घड़े का निर्माण किया जाता है। इसी तरह जीवन में छात्र.-छात्राओं को इस पद्धति से शिक्षा प्रदान करते हुये प्राथमिक शिक्षा की नींव मजबूत की जा रही है जो छात्र-छात्राओं के भविष्य के निर्माण को लेकर स्वयं ही बयां हो रही है जिस तरह से यह प्रयास विद्यालय के शिक्षकगणों के द्वारा किया गया है यह निश्चित ही अपने आप में स्वयं उदाहरण साबित कर रहा है। अंधकार से प्रकाश की ओर दिशा तय करने के लिये गुरू जिस तरह से आगे की राह तय कराते है वहीं कार्य यहां छात्र-छात्राओं को शिक्षा प्रदान करने में शब्द ज्ञान से लेकर मात्राओं के लगने के बाद उच्चारण की दिशा जो स्वयं ही प्रकाश का मार्ग ज्ञान रूपी कराने को लेकर जाना जा रहा है। यह प्रयास स्वयं की सोच व दृढ इच्छा शक्ति लगन का ही परिणाम माना जा रहा है। इस तरह से प्राथमिक शिक्षा में अगर सुधार की दिशा तय हुई तो निश्चित ही जिले में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर व अनुकरणीय प्रयास साबित होगा। यह प्रयास जिले की पवई जनपद अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला जनशिक्षा केन्द्र कन्या पवई संकुल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टांई प्राथमिक शाला हिनौता के प्राथमिक शिक्षक शिवसागर कुंवर तथा श्रीमती अर्चना सिंह ठाकुर के द्वारा विद्यालय में कबाड़ से जुगाड़ के माध्यम से टी.एल.एम. की पद्धति को चल चित्र के माध्यम से प्राथमिक शिक्षा छात्र-छात्राओं को जहां शब्द ज्ञान के साथ-साथ मात्राओं का ज्ञान एवं मात्राओं के लगने के बाद शब्द का उच्चारण के साथ ज्ञान कराया जा रहा है जो निश्चित ही सराहनीय पहल मानी जा रही है।



# अच्छे कर्मों से दुख परेशानी होती है दूर: बहन जी





### नशा जीवन में दूख अशान्ति व गरीबी देता है

**पन्ना।** ठंडी के बेहद प्रकोप को देखते हुये प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ने ग्राम जनवार में गरीब असहाय लोगों को कंबल बितरित किये बहन जी ने सभी को समझाते हुये कहा की व्यक्ति अपने कर्मो से दुखी व परेशान होता है। इसलिये जीवन में श्रेष्ठ व पवित्र कर्म करने चाहिये गलत कार्य से बचना है। अगर आप श्रेष्ठ गुंण जैसे सातविक विचार सातविक भोजन आदि धारण करेंगे तो बहुत सारी समस्याऐ समाप्त हो जायेंगी। साथ में नशे से होने वाले नुकशान एवं बीमारियों के बारे में बताया एवं नशे से दूर रहने के लिये उपाय बताये एवं छोडने के लिये प्रतिज्ञायें कराई। एवं सुखी जीवन की शुभकामनायें दी।

# प्रचंड जीत के बाद पहली बार पवई नगर पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष



**पवई।** भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद पंडित विष्णु दत्त शर्मा सोमवार को अपने संसदीय क्षेत्र प्रवास के दौरान पवई नगर पहुंचे जहां जनपद पंचायत पवई में जनपद अध्यक्ष श्रीमती मोहनी आनंद मिश्रा के साथ जनपद सदस्यों व भाजपा कार्यकर्ताओ ने उनका गर्म जोशी, ढोल नगाड़ों, गाजे बाजे के साथ स्वागत किया साथ ही उनका तुलादान भी किया द्य बता दें कि भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश में प्रचंड जीत के बाद प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद पहली बार पवई नगर पहुंचे थे। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जनप्रतिनिधियों से समन्वय कर गंभीरतापूर्वक दायित्वों का निर्वहन करें अधिकारी- सांसद




जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की हुई बैठक

**पन्ना।** विभागीय अधिकारी जनहितैषी व विभिन्न विकास कार्यों के क्रियान्वयन के लिए जनप्रतिनिधियों से निरंतर संवाद कर व समन्वय के साथ कार्य करें। साथ ही जनप्रतिनिधियों के फोन रिसीव कर जनसमस्याएं सुनकर निराकरण करना भी सुनिश्चित किया जाए। हितग्राहीमूलक कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने का प्रयास करें। यह निर्देश सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक के दौरान दिए। इस मौके पर पूर्व मंत्री एवं विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह, गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे एवं नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि, रामबिहारी चौरसिया, कलेक्टर हरजिंदर सिंह, जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय, उप संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व रिपुदमन सिंह भदौरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह भी उपस्थित थीं।

सांसद श्री शर्मा ने कहा कि जनप्रतिनिधि भी समय समय पर विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लें और विभागीय अधिकारियों को यथास्थिति से अवगत कराएं। विकसित भारत संकल्प यात्रा में भी नियमित रूप से उपस्थिति दर्ज कराने की अपेक्षा की। सांसद ने विभागीय अधिकारियों को गंभीरतापूर्वक शासकीय दायित्वों के निर्वहन के निर्देश दिए। उन्होंने संकल्प यात्रा की शेष अवधि में भी निरंतर सक्रिय रहकर अभियान को साकार रूप देने और वंचित व्यक्तियों तक शासकीय योजनाओं की आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि हितग्राहियों को यात्रा के आगमन के बारे में सूचित करने के अलावा योजनाओं के लाभ के लिए वांछित दस्तावेज के साथ शिविर में पहुंचने की पूर्व सूचना दी जाए। दिशा बैठक में विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल क्रियान्वयन सहित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई एवं कृषि बीमा योजना, पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने की कार्ययोजना पर समीक्षा व चर्चा की गई। राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना के तहत क्रियान्वित कार्यों की जानकारी लेकर किसी भी समस्या पर तत्काल निराकरण के लिए कहा। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री को लापरवाह ठेकेदारों के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश भी दिए। बैठक में पीएम किसान सम्मान निधि की ई-केवायसी उपरांत निर्धारित लक्ष्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि जिले में जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति न्यून है। इसके लिए निर्धारित कार्ययोजना अनुसार कार्य कर विशेष मॉनीटरिंग के साथ कार्य की पूर्णता के प्रयास करें।

### रूंझ एवं मझगांय परियोजना के कार्यों को दें मूर्तरूप

सांसद ने दिशा की बैठक में रूंझ एवं मझगांय परियोजना में समय सीमा में मुआवजा वितरण की कार्यवाही पूर्ण कर निर्बाध रूप से कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए। परियोजना के कार्य में बाधा पहुंचाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के लिए कहा। इसके अलावा अन्य विकास कार्यों व परियोजनाओं के निर्माण कार्य के दौरान भी व्यवहारिक रूप से संज्ञान लेकर अपेक्षित कार्यवाही के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। आयुष्मान कार्ड बनाने में आने वाली दिक्कतों के त्वरित निराकरण, प्रधानमंत्री आवास योजना के मकानों में गृह प्रवेश कराने, उज्ज्वला योजना की व्यापक पहुंच सुनिश्चित करने, सचिव व रोजगार सहायक सहित अन्य मैदानी कर्मचारियों को दायित्वों के लिए पाबंद करने तथा अन्य छोटे-छोटे कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया। ऊर्जा विभाग की समीक्षा के दौरान कार्यपालन यंत्री को ट्रांसफार्मर की गड़बड़ी व इसे बदलने के लिए स्वतः संज्ञान लेकर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश भी दिए। जिला खनिज प्रतिष्ठान मद से निर्माणाधीन कार्यों की जानकारी ली। श्री जुगल किशोर महालोक के निर्माण के लिए जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों से डीपीआर के संबंध में चर्चा कर कार्य को मूर्तरूप देने सहित धरमसागर तालाब में महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा स्थापना के लिए हुए कार्यादेश की जानकारी ली। पन्ना टाइगर रिजर्व के रमपुरा गेट को शुरू करने सहित जिला पंचायत की विभिन्न समितियों में विभागीय अधिकारियों की भागीदारी, शहर में मेडिकल कॉलेज की स्थापना व आगामी बजट में प्रावधान के लिए शेष कार्यवाही समय पर पूर्ण करने, जिला अस्पताल की डायलिसिस मशीन में आवश्यक सुधार और दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा कृषि महाविद्यालय के गुणवत्तापूर्ण भवन निर्माण, 50 बिस्तर के आयुष अस्पताल के निर्माण के लिए जरूरी समन्वय, जुगल किशोर मंदिर में शेड के लोकार्पण सहित मड़ला-पन्ना एलिवेटेड सड़क निर्माण की कार्यवाही सहित अधिकारियों को विभागीय संस्थाओं, उपार्जन केन्द्रों, राशन वितरण के कार्यों के औचक निरीक्षण के निर्देश भी दिए। एनएमडीसी हीरा खदान के पर्यावरणीय स्वीकृति के संबंध में भी अधिकारियों से आवश्यक चर्चा की गई।

# विद्युत विभाग के ठेकेदारों द्वारा खुलेआम दिया जा रहा मौत का आमंत्रण

**देवेन्द्रनगर।** देवेंद्रनगर तहसील क्षेत्र अंतर्गत आने वाले स्टेशन से विरवाही और देवेंद्र नगर सड़क के किनारे पास पास में लाइन खींच दी गई है जिसमें कभी भी कोई भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है और ठेकेदार और विद्युत विभाग की वरिष्ठ अधिकारियों की मिली भगत से लोगों की जान से खिलवाड़ कर सड़क के दोनों और पास पास में विद्युत के खंबे जो की 33000 इ के तार लगाया गया है जिसमें की ना तो सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान दिया गया है और ना ही खम्बो को सड़क के नीचे लगाए गए हैं कभी भी वहां पर हादसा हो सकता है और आपको बता दें कि यह रोड में आवागमन बहुत तेजी से चलता है जिसमे बसें और लोड ट्रक भी निकालते हैं जो की बसों में यदि समान लोड कर बसों के ऊपर ले जाया जाएगा तो थोड़ी ही दूरी बचेगी लगभग जिससे कभी भी 33000 केवी का करंट बसों को अपनी चपेट में ले सकता है और लोगों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा सकता है जी हां हम आपको बता दें कि कुछ दिन पहले पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा वर्चुअल मीटिंग के दौरान 132 केवी सर्विस स्टेशन का उद्घाटन किया गया था की देवेंद्र नगर क्षेत्र सहित सभी जगह इसकी सप्लाई होगी सड़क के ऊपर से ही खोद कर दोनों और लगा दिए गए हैं जो की बहुत ही पास पास पर है अमानत स्तर पर ना तो सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान दिया गया और ना ही खंबे में भी अगर जांच होगी तो खंबे के वजन भी कम निकलेंगे और तो और यहां पर अमानत स्तर से और गड्ढे भी कंक्रीट सहित कम खोदा गया है गढ्ढा और कंक्रीट भी कमजोर मेटेरियल का बनाकर लगाया गया है क्या यह देखना होगा कि अब इसमें कोई संज्ञान लेता है या नहीं मोहन राज सरकार के बनते ही सभी विभागों को निर्देश किया है कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी लेकिन विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की मिली भगत से ठेकेदार द्वारा लोगों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है जो की वरिष्ठ अधिकारी कभी भी चेक करने नहीं आते हैं जिस कारण से वहां पर ठेकेदार की मनमानी के कारण सड़क पर खंभे लगा दिए गए कभी भी कोई भी ही हादसा हो सकता है इस और पन्ना जिले के संवेदन शील कलेक्टर को ध्यान देना होगा और प्रदेश अध्यक्ष को भी संज्ञान लेना चाहिए। निकलने वाले आसपास के राहगीरों ने मांग किया कि इसकी जांच कर कर सड़क के नीचे खंभे लगवाए जाएं ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो सके।

> **कम वजन के खंभे लगाए गए हैं और कंक्रीट भी घटिया मेटेरियल का लगाया गया और गड्ढे भी कम खोदे गए हैं**

# गरीब व्यक्ति के जीवन में खुशहाली और जीवन स्तर में बदलाव लाना सरकार का उद्देश्य- सांसद श्री शर्मा

### गुनौर विधानसभा के ग्राम बड़वारा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद




**पन्ना।** सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा है कि हर गरीब व्यक्ति के जीवन में खुशहाली और गरीब कल्याण की योजनाओं के जरिए जीवन स्तर में बदलाव लाना केंद्र व राज्य सरकार का उद्देश्य है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के जरिए प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी वाली गाड़ी गांव-गांव और घर-घर पहुंच रही है। इस दौरान संकल्पबद्ध तरीके से प्रत्येक नागरिकों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचेगा। योजनाओं के लाभ से वंचित हितग्राही संकल्प यात्रा के शिविरों में पहुंचकर जरूर आवेदन दें और आसानी से योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। सांसद श्री शर्मा मंगलवार को गुनौर विधानसभा की ग्राम पंचायत बड़वारा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर ग्रामीणजन से भेंट की और आवेदन प्रस्तुत कर विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया। सांसद ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों के स्टॉल का अवलोकन भी किया।

सांसद श्री शर्मा ने इस मौके पर कहा कि बड़ी संख्या में उपस्थित जनता के बीच स्वयं को पाकर सौभाग्यशाली हूं। इस दौरान उन्होंने जनता का अभिवादन कर कहा कि क्षेत्र की सभी जनहितैषी व विकास कार्यों की मांग पूर्ण की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की की ओर अग्रसर है। चहुंमुखी विकास के साथ प्रत्येक नागरिक के जीवन में खुशहाली के लिए गरीब जनता के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं का ठीक ढंग से क्रियान्वन किया जाएगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा इस उद्देश्य को पूरा करने में सहायक होगी। सांसद ने कहा कि आयुष्मान कार्ड बनने से गरीब व्यक्ति को निःशुल्क उपचार की सुविधा व अधिकार मिला है। उज्ज्वला योजना के लाभ से गरीब माताओं-बहनों को धुएं से मुक्ति मिली है। निःशुल्क राशन, पीएम आवास योजना सहित कई महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ गरीब व पात्र लोगों को निरंतर मिलता रहेगा। गरीब कल्याण योजना के तहत आगामी 5 वर्षों तक 5 किलो निःशुल्क खाद्यान्न भी मिलेगा। इस तरह की अन्य कई योजनाओं के लाभ से आर्थिक और सामाजिक जीवन स्तर में परिवर्तन हुआ है। सांसद श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा गत 17 सितम्बर को पीएम विश्वकर्मा योजना छोटे कारीगर व शिल्पकारों के कल्याण के लिए शुरू की गई है। विश्वकर्मा भाई बहनों को इस योजना का समयबद्ध तरीके से लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं और स्वसहायता समूह की बहनों के कल्याण के लिए भी मिशन के तहत कार्य किया जा रहा है। लाड़ली बहनों के खाते में 10 जनवरी को मिलने वाली 1250 रूपए आर्थिक सहायता राशि की 8वीं किश्त के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समूह की बहनों को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है। कृषि क्षेत्र में उर्वरक छिड़काव की नई तकनीक की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि ड्रोन फ्लाइ के लिए बहनों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। ग्राम पंचायत की महिला सरपंच से ड्रोन दीदी बनने की इच्छुक महिलाओं से संपर्क व प्रशिक्षण के लिए चर्चा भी की। उन्होंने आगामी 25 जनवरी तक ग्राम पंचायत मुख्यालयों में लगने वाले यात्रा के शिविरों में कार्ययोजना अनुसार बेहतर तरीके से लोगों को लाभांवित करने के लिए भी कहा। सांसद ने आस्था व श्रद्धा के केन्द्र सभी धार्मिक स्थानों के विकास की बात भी कही। उन्होंने उपस्थितजनों और ग्रामवासियों को विकसित भारत के निर्माण के लिए शपथ दिलाई। विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने यात्रा में शामिल सभी नागरिकों और क्षेत्रीयजनों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि निर्धारित कार्ययोजना के तहत क्षेत्र में सभी आवश्यक कार्य पूर्ण होंगे। सांसद के समक्ष देवेन्द्रनगर के शासकीय संस्कृत महाविद्यालय के भवन, बाउन्ड्रीवाल और अतिरिक्त विषय के संचालन सहित पहुंच मार्ग के निर्माण के संबंध में तथा धार्मिक स्थानों व तालाब इत्यादि के जीर्णोद्धार की मांग रखी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघ प्रिय ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की अब तक की प्रगति और रूपरेखा के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि संकल्प यात्रा के 16 दिसम्बर को शुभारंभ उपरांत यात्रा 215 ग्राम पंचायतों में पहुंच चुकी है। इस दौरान एक लाख 27 हजार से अधिक नागरिकों ने यात्रा में सहभागिता की। यात्रा के दौरान आयोजित शिविरों में विभागीय व बैंक के स्टॉल सहित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर और आधार अपडेशन कैंप भी लगाए जा रहे हैं। संबंधित विभाग के कर्मचारियों द्वारा नागरिकों के आवेदन प्राप्त कर प्रभावी निराकरण की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। प्रचार वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी का संदेश सुनाने के अलावा शपथ, क्विज, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मेरी कहानी-मेरी जुबानी प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियां आयोजित की गई हैं।

## खबर संक्षेप



### एनटीपीसी विंध्याचल में व्यावसायिक उत्कृष्टता असेसमेंट का उद्घाटन

**सिंगरौली।** विंध्याचल परियोजना के मैत्री सभागार में व्यावसायिक उत्कृष्टता असेसमेंट का भव्य उदघाटन बी ई टीम के क्वालिटी चैंपियन श्री पीआर मजूमदार एवं अन्य असेसर्स द्वारा कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) श्री ई सत्य फणि कुमार , परियोजना के महाप्रबंधकगण एवं विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में किया गया । एनटीपीसी-विंध्याचल द्वारा देश के विशालतम विद्युत संयंत्र की सफलता की कहानी, इसकी चुनौतियों, सी एस आर गतिविधियों के प्रति समर्पण, पर्यावरण से संबन्धित चिंताओं, नई पहल, इसकी प्रमुख उपलब्धियों एवं प्रशंसा पर एक लघु विवरण प्रस्तुत किया गया । कार्यक्रम के दौरान एनटीपीसी की धरोहर एवं ऊर्जांचल क्षेत्र पर विंध्याचल परियोजना द्वारा तैयार की गई फिल्मों का प्रदर्शन भी किया गया, जिसे असेसर्स एवं दर्शकों की ओर से खूब सराहा गया । कार्यक्रम के दौरान अपने सम्बोधन में क्वालिटी चैंपियन श्री पीआर मजूमदार ने एनटीपीसी के बी ई माडल एवं इसकी बारीकियों पर प्रकाश डाला। कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) श्री ई सत्य फणि कुमार ने अपने सम्बोधन के दौरान बी ई असेसमेंट टीम का स्वागत किया और उन्हें परियोजना मे पधारने हेतु अपना धन्यवाद ज्ञापित किया । श्री फणि कुमार ने कहा कि टीम विंध्याचल अपने कार्यों के प्रति हमेशा ही सजग रहती है । उन्होने कहा कि हम पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान दे रहे हैं।

### अमर शहीदों का श्रद्धांजलि समारोह 14 जनवरी को

**छतरपुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी चरण पादुका शहीद स्थल पर अमर शहीदों का श्रद्धांजलि समारोह स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों व उनके परिवारों, गणमान्य नागरिकों, पत्रकारों एवं प्रबुद्ध नागरिकों की उपस्थिति में आयोजित किया जा रहा है। स्वतंत्रता सेनानी एवं उत्तराधिकारी संयुक्त संगठन के अध्यक्ष कमल अग्रवाल एवं सचिव उत्सव तिवारी ने बताया कि दोपहर 12 बजे चरण पादुका शहीद स्थल ग्राम सिंहपुर पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाराजपुर विधायक कामख्या प्रताप सिंह होंगे तथा अध्यक्षता छतरपुर विधायक ललिता यादव करेंगी।

### जिला स्तरीय जनसुनवाई में 122 आवेदन प्राप्त हुए



**छतरपुर।** मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में अपर कलेक्टर नमः शिवाय अरजरिया द्वारा जिला स्तरीय जनसुनवाई में आम लोगों से प्राप्त 122 आवेदनों की सुनवाई की गई। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायती आवेदनों का परीक्षण करते हुये संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवेदन निराकरण हेतु सौंपे गये। जनसुनवाई में जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही दिव्यांगों एवं बुजुर्गों की अलग से समस्या सुनी।

### खुले संरचनाओं पर होगी कार्यवाही

**छतरपुर।** जिला मजिस्ट्रेट संदीप जी.आर. ने दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अंतर्गत जन सामान्य के हित व जानमाल एवं लोग शांति को बनाए रखने हेतु छतरपुर जिले की राजस्व सीमा में बोरवेल, बावडिय़ों एवं कुआं आदि इस प्रकार की संरचनाओं में सुरक्षात्मक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराए जाने के संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। यदि कोई व्यक्ति उक्त आदेश का उल्लंघन करेगा तो उसके विरुद्ध भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत अभियोजन की कार्यवाही की जाएगी। यह आदेश आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगा। जिले की सीमा अंतर्गत किसी व्यक्ति व संस्था द्वारा यदि किसी संरचना पर अतिक्रमण किया हो, कमजोर छत बनाकर या छज्जा आदि अन्य किसी प्रकार से ढक दिया हो या कोई दीवार आदि निर्मित कर घातक स्थिति उत्पन्न की हो तो वह इसे तत्काल ठीक कराएं। साथ ही बिना फ्रेसिंग के खुले बोरवेल मिलने पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## नौगांव स्थित जैगपीन ब्रेवरीज कॉक्स डिस्लरी में हुआ हादसा

# दम घुटने से 2 लोगों की मौत

### प्राथमिक उपचार के बाद 3 लोगों को किया जिला चिकित्सालय रैफर

नगर में संचालित शराब फैक्ट्री में मंगलवार की सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। फैक्ट्री में काम करने वाले दो मजदूरों की मौत हो गई तो वहीं तीन गंभीर मजदूरों का प्राथमिक उपचार के बाद हालत खराब होने पर जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया।

**नौगांव।**



हादसा होने से शराब फैक्ट्री में हड़कंप मच गया। तहसीलदार संदीप कुमार तिवारी, एसडीओपी चंचलेश मरकाम, थाना प्रभारी सतीश सिंह सहित बीएमओ डॉक्टर रविंद्र पटेल ने घटना की जानकारी एवं जांच करने शराब फैक्ट्री का जायजा लिया।

जैगपिन ब्रेवरीज लिमिटेड यानि कॉक्स डिस्लरी शराब फैक्ट्री में एसएसबी बेल्डिंग (फिटर) कार्य करने वाले मजदूर कार्य करने के बाद फैक्ट्री के अंदर ही निवास करते हैं। सोमवार को कार्य करने के बाद रात में मजदूर खाना खाकर सो गए। मंगलवार की देर सुबह जब मजदूर फैक्ट्री में काम करने नहीं पहुंचे, तो अन्य मजदूर उन्हें बुलाने गए। लेकिन काफी देर तक जब कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो मजदूरों ने पीछे खिड़की से झांककर देखा तो मजदूर अचेत अवस्था में पड़े थे। इसके बाद मजदूरों ने मामले की सूचना डिस्लरी के मैनेजर वीरेंद्र सिंह भदौरिया को दी। मैनेजर की सूचना पर एसडीओपी चंचलेश मरकाम, तहसीलदार संदीप कुमार तिवारी, नौगांव थाना प्रभारी सतीश सिंह ने प्रशासनिक एवं पुलिस अमले के साथ मौके कर पहुंचकर 108 एंबुलेंस की मदद से बेहोशी हालत में पड़े 5 मजदूरों को सिविल अस्पताल भिजवाया। अस्पताल में डॉक्टर विक्रम सिंह यादव सहित अन्य डॉक्टर एवं अस्पताल स्टाफ ने घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद दो मजदूरों को मृत घोषित कर दिया तो वहीं गंभीर रूप से तीन घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद 108 एंबुलेंस की मदद से जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया। तो वहीं पुलिस ने दोनों मृतकों के शव को रखवा दिया है परिजन के आने के बाद शव का पीएम कराया जाएगा। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया है। मृत हुए मजदूरों में पवन पिता लालजी निवासी खरौनी बिहार, प्रकाश के रूप में हुई तो वहीं, नीतेश, धीरेंद्र पिता नंदकिशोर निवासी खरौनी बिहार एवं ब्रजेश के रूप में हुई। हालांकि सभी मृतक एवं घायलों के परिजन आने के बाद ही नाम एवं पता स्पष्ट हो सकेगा।

तो वहीं पुलिस ने मामले की बारीकी से जांच के लिए एफएसएल टीम को बुलाया। एफएसएल डॉक्टर प्रदीप यादव ने भी मामले की बारीकी से जांच करते हुए जरूरी साक्ष्य जुटाए। इसके बाद एफएसएल प्रभारी डॉक्टर यादव ने भी प्रथम दृष्टया मजदूरों की हालत बिगड़ने पर कमरे के अंदर ऑक्सीजन लेवल का कम होना बताया। डॉक्टर के मुताबिक कमरे में सिगड़ी जल रही थी, जिसके चलते ऐसा प्रतीत होता है कि सिगड़ी के जलने से कमरे की ऑक्सीजन कम हो गई और कार्बन डाई ऑक्साइड बढ़ गई, जिस कारण से दम घुटने से मजदूरों की हालत खराब हुई और इसके बाद दो की मौत हुई है।

सीबीएमओ डॉक्टर रविंद्र पटेल का इस पूरे मामले में कहना है कि 3 घायलों को जिला चिकित्सालय रैफर किया है, तो वहीं 2 मजदूरों की मौत हो गई है। प्रथम दृष्टया कमरे की हालत को देखकर ऐसा लगता है कि मजदूरों की हालत ऑक्सीजन लेवल घटने के कारण दम घुटने की वजह से हो सकती है, हालांकि पूरा मामला पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

#### इनका कहना है

मामले की सूचना पर शराब फैक्ट्री में पहुंचकर गंभीर हालत में पड़े मरीजों को अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में इलाज के बाद हालत खराब होने पर जिला चिकित्सालय रैफर किया गया है। मामले में दो मजदूरों की मौत होने पर मर्ग कायम कर मृतकों के परिजनों को सूचित किया है, अब परिजन के आने के बाद ही पीएम कराया जाएगा।

**चंचलेश मरकाम**
**एसडीओपी, नौगांव**

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर जांच की है, अस्पताल में मरीजों का इलाज कराने के बाद जिला चिकित्सालय रैफर किया गया है। पूरे मामले की जांच की जाएगी जांच उपरांत जो भी दोषी होगा कारवाई की जाएगी।

**संदीप कुमार तिवारी**
**तहसीलदार, नौगांव**

## लोडर वाहन रोककर चालक को लूटने वाले दोनों आरोपी पहुंचे जेल




### पता पूछने के बहाने से रोका था वाहन, लूट की 14 हजार रकम मोटर साइकिल जप्त

**मातगुवां।** बीते 30 दिसंबर को मातगुवां थाना क्षेत्र में हुई लूट की घटना को अंजाम देने वाले दोनो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटना कारित करने वाले दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से लूट की संपत्ति और घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल जप्त की है। आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद दोनो को जेल भेजा गया।

बीते 30 दिसंबर को छतरपुर की श्रीराम कॉलोनी का रहने वाला 28 वर्षीय फरियादी अपने लोडर वाहन से गल्ला खरीदी के लिए ग्राम खडग़ांय जा रहा था। इसी दौरान दो अज्ञात युवकों ने पता पूछने के बहाने से उसे रोका और इसके बाद फरियादी के 14 हजार रुपए छीनकर भाग गए। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध धारा 392 के तहत मामला पंजीबद्ध किया था। बीते रोज मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर ग्राम पराचौकी में दबिश देकर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उन्होंने घटना कारित करना स्वीकार किया जिसके बाद न्यायालय में पेश कर दोनों को जेल भेजा गया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने लूट के 14000 रुपए और घटना में प्रयुक्त बाईक जप्त की है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह यादव, पुष्पेंद्र तिवारी,आरक्षक रवि परसारिया, पंकज यादव, रावेंद्र सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## कलेक्टर ने फायलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

### एल्बेंडाजोल गोली चबा चबा कर खाएं : जेएमआई दिनेश पटेरिया

**छतरपुर।**




जिले में फायलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम 10 से 25 फरवरी 2024 तक चलेगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कलेक्टर संदीप जी.आर. की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले को फायलेरिया रोग (हाथी पांव) से मुक्त करने के लिए सभी इस कार्यक्रम को सफल बनाएं। साथ ही आमजन को दवा सेवन कार्य में जागरूक करें। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दवा सेवन करने के निर्देश दिए।

#### कैसे और कितनी मात्रा में करें सेवन

छतरपुर जिले में 2 वर्ष से 5 वर्ष तक के बच्चों को डीईसी एवं एलबेन्डाजोल की 1-1 गोली, 6 से 14 वर्ष के बच्चों को डीईसी की 2 गोली तथा एलबेन्डाजोल की 1 गोली व 15 से या इससे अधिक वर्ष के लोगों को डीईसी की 3 एवं एलबेन्डाजोल की 1 गोली इस अभियान में खिलाई जाना है। एलबेन्डाजोल गोली कीटाणुनाशक है इसे चबाचबा कर खाना है। इस गोली को सेवन 0 से 2, गंभीर बीमारी से ग्रस्त व्यक्तियों, गर्भवती माताओं को नहीं करना है।

#### आइवरमेक्टिन गोली की ऊंचाई के अनुसार कैसे करें सेवन

90-119 से.मी. लम्बाई के व्यक्ति को पीले रंग की 1 गोली, 120-140 से.मी. वाले को नीले रंग की 2 गोली, 141-158 से.मी. वाले को हरे रंग की 3 गोली तथा 158 से.मी. लम्बाई के ऊपर के व्यक्ति को बैगनी रंग की 4 गोलियों का सेवन खाना खाने के पश्चात ही करना है। एमडीए के दौरान पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों को आइवरमेक्टिन गोली का सेवन नहीं करना है।

## भगवान राम की राजनीति सबको अपना बनाती है: संत श्री मैथिली शरण

### भक्ति के स्वरूप पर राम कथा का दूसरा दिन

**छतरपुर।**




भगवान राम की राजनीति सबको अपना बनाती है अयोध्या से वनवास पर भगवान राम,सीता जी और लक्ष्मण जी के साथ निकले थे, परंतु जब वह वापस अयोध्या लौटे तो पुष्पक विमान भरा हुआ था अर्थात भगवान राम की राजनीति का तात्पर्य है जो दूर है उसे पास लाया जाए। इसके विपरीत रावण की राजनीति सबको दूर करने की है। बुंदेलखंड गेराज में भक्ति के स्वरूप पर दूसरे दिन राम कथा कहते हुए संत श्री मैथिली शरण जी ने कहा कि खुद में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा कर लीजिए पृथ्वी पर प्राण प्रतिष्ठा हुए बगैर नहीं रहेगी, यदि भक्त भगवान की भक्ति करता है तो भगवान भी अपने भक्त की भक्ति करते हैं भक्ति का स्वरूप तो आकाश की तरह व्यापक है।

संत मैथिलीशरण जी ने कहा कि गरुणजी महाज्ञानी, गुणराशि और प्रभु के निकट निवासी हैं पर वह भी भगवान को नागपाश में बंधा देख मोहग्रस्त हो जाते हैं, लेकिन भगवान के भक्त कागभूसुंडी जी के आश्रम में प्रवेश करते ही उनका संपूर्ण मोह और संशय नष्ट हो जाता है यही है भक्ति की महिमा। उन्होंने कहा कि भक्ति, भक्त, भगवान और गुरु तत्व रूप में चारों एक ही है, गरुण जी अपने आप को ज्ञानी मानने लगे तो मोहग्रस्त हो गए। भगवान का दिया कोई भी उपादान मिथ्या नहीं है मिथ्या तो वह तब हो जाता है जब हम उसका दुरुपयोग करते हैं ठीक समय पर ठीक कार्य नहीं किया तो सब नष्ट हो जाएगा। दुरुपयोग से उपादान मिथ्या हो जाता है और सदुपयोग से सत्य, मैथिली शरण जी ने कहा कि शबरी के समक्ष भी भगवान समस्या ग्रस्त होकर गए हैं पर शबरी मोह ग्रस्त नहीं होती हैं अपितु भगवान के पूछने पर सीता जी का पता भी बताती हैं, जबकि वह जानती हैं कि संसार में ऐसा कोई पता नहीं है जहां सीताराम न हो, गरुण जी ने भगवान को तो बंधन मुक्त कर दिया पर खुद बंधन में ग्रस्त हो गए। क्योंकि उन्हें भगवान की जगह अपने गुण दिखाई देने लगे हैं, रामचरितमानस की विशेषता है कि उसके सभी पात्र एक दूसरे की प्रशंसा करते हुए दिखाई देते हैं। मैथिलीशरण जी ने कहा धन्य है वह भक्त जो भगवान को सर्दी में देखते हैं और उनके अंदर यह भाव आता है कि भगवान ने ऊनी वस्त्र नहीं पहने हैं, अंततः जीव और भगवान दोनों के अंदर ब्रह्म ही है।

#### संत के समक्ष संसार नहीं भगवान की चर्चा कीजिए -

मैथिलीशरण जी ने कहा कि जीवन में जब भी संत के समक्ष जाने का अवसर मिले तो सत्संग कीजिएगा। संसार की चर्चा नहीं अपितु भगवान की चर्चा करें। संसार की चर्चा करने पर संत के कान बंद हो जाते हैं, वल्लभाचार्य जी महाराज की निष्ठा समर्पण और भक्ति देखिए कि वह रेणु (रेत) को भी मधुर कहते हैं। भक्त की चापलूसी भी भगवान को अपनी स्तुति लगती है, चापलूसी स्तुति का ही अपभ्रंश है। उन्होंने कहा कि मधुर वचन बोलने से जीवन सुखमय होता है प्रयोग के तौर पर आप इसे कर के देख लीजिए जिस दिन आप सबसे मधुर वचन बोलकर अपने घर से निकलते हैं भाव शुद्धि के कारण उस दिन सारा काम ठीक होता है जबकि दोष के प्रतिपादन से आप तनाव में रहते हैं। कागभुसुंडि जी की भक्ति ने निर्गुण ब्रह्म के उपासक लोमस जी को भी भक्त बना दिया, उन्होंने कहा कि जिस तरह संघर्षण से लकड़ी से अग्नि प्रकट हो जाती है। उसी तरह प्रेम के उदय से भगवान प्रकट होते हैं, गुरु कमल को पैदा नहीं करता अपितु हृदय कमल खिलाकर प्रभु को प्रकट कर देता है।

#### मान्यताओं का आवरण सत्संग से टूटता है

संत श्री मैथिलीशरण जी ने कहा कि सत्संग से मान्यताओं का आवरण टूटता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत पितरों के मोक्ष के लिए नहीं अपितु खुद के कल्याण के लिए सुनी जानी चाहिए। संसार में लोग अंधे होते नहीं है अपितु काम अंधों वाला करते हैं, गांधारी इसका साक्षात उदाहरण है। गांधारी ने यदि आंखों में पट्टी नहीं बांधी होती तो शायद महाभारत नहीं होता क्योंकि उसकी दृष्टि का लाभ महाराज धृतराष्ट्र सहित पूरे परिवार को मिलता। उन्होंने कहा कि आप संसार में ऐसा कोई कार्य नहीं कर सकते हैं जो भगवान ना चाहता हो, और यही कारण है कि गांधारी के दुर्योधन को पूर्ण नग्न होकर सामने आने के आदेश के बावजूद वह कमर पर कपड़ा बांधकर आता है इसे ही कहते हैं हरि इच्छा और यही वस्त्र उसकी मौत का कारण बनता है, जबकि द्रोपदी के वस्त्र को बढ़ाने का काम है हरि कृपा। मैथिली शरण जी ने कहा की मान्यताओं की गांठे तोड़ दीजिए और भगवान के सामने साक्षात दंडवत हो जाइए। आपका कल्याण तो हो ही जाएगा केवट और भागीरथ की तरह आप पूरे परिवार का भी कल्याण कर देंगे। दृष्टि धुंधली होने पर विनाश रूपी धुंधकारी का जन्म होता है, तब कोई भक्त प्रहलाद और गोकर्ण बनकर दृष्टि को परिशुद्ध करता है।



## हाथी पांव बीमारी (लिम्फएड़िया) को कैसे पहचानें, मच्छरों से बचें

**छतरपुर।**

स्वास्थ्य विभाग द्वारा ब्लॉक स्तर पर 7 हजार 72 दवा सेवक एवं 709 सुपरवाईजर बनाए गए हैं जो दवा का सेवन कराएंगे, साथ ही मॉनिट्रिंग अधिकारियों की भी नियुक्ति की गई है। दलों के द्वारा घर-घर जाकर परिवार के सदस्यों से मिलना, फायलेरिया रोग से होने वाली परेशानी उसके बचाव के तरीके बताना, एम.डी.के महत्व व उसके फायदे को समझाना एवं दवा खिलाने के बारे में जानकारी दी जाएगी। आपके घर के आसपास अथवा ग्राम में किसी व्यक्ति के हाथ, पैर अथवा शरीर के अन्य भाग में सूजन का होना, पुरूष के अण्डकोष में सूजन का होना, शरीर के सूजन वाले हिस्से में बार-बार लालपन का होना, दर्द होकर बुखार आना तथा व्यक्ति की जांघो अथवा बगल की लिम्फ ग्रंथियों में सूजन का होना हाथी पांव बीमारी के लक्षण में आते हैं।

#### बचाव एवं सावधानियां

फाइलेरिया मच्छरों के काटने से होता है और मच्छर गंदगी में पैदा होते हैं। इसलिए इस रोग से बचना है तो आसपास स्वच्छता का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। दूषित पानी, कूड़ा जमने ना दें, जमे पानी पर कैरोसीन का छिड़काव करना, सोने के समय मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी का उपयोग करें।

**खबर संक्षेप**

## जनसेवा मित्रों द्वारा मऊगंज विधायक को ज्ञापन सौंपा गया

**मऊगंज।** जिले के हनुमना और मऊगंज ब्लॉक के जन सेवा मित्रों द्वारा मऊगंज विधायक को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा गया जिसमे जन सेवा मित्रों ने कहा की नियुक्ति के बाद जब हम लोगो का भोपाल के सम्मेलन मे तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी के निर्देश में हुआ था , सम्मेलन सभा में तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा था की आप लोग इसी तरह कार्य करते रहिए, आपके भविष्य की चिंता आपका मामा करेगा। और मुख्यमंत्री ने कहा था कि ये योजना आगे भी चलती रहेगी। हम लोग चाहते है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हम जन सेवा मित्रों के लिए जो घोषणा की थी, उसको पूरा किया जाए और हम लोगो का सेवावृद्धि स्थायी किया जाए।

## पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत साफ-सफाई का कार्य निरंतर जारी



**रीवा।** निगमायुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत साफ-सफाई का कार्य निरंतर कराया जा रहा है। आज वार्ड क्र. 42 बिछिया में पासी मोहल्ला से लेकर मुज्जू की पुलिया के पास नीचे की तरफ का बड़ा नाला की सफाई के साथ ही वार्ड 5 हरिजन बस्ती के बडे.नाले की सफाई कराई गई। वार्ड 14 अल्प आय वर्ग सोसाइटी के बगल का अतरा की सफाई कराई गई। वार्ड 10 में श्रीजी गार्डेन एरिया में कचरे की सफाई कराई गई। वार्ड 44 बाणसागर भू अर्जन कार्यालय के बगल का अतरा की सफाई तथा रानीतालाब मेड़ की सफाई कराई गई साथ ही टैम्पो एवं ट्रैक्टर द्वारा कचरे का उठाव कराया गया। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी श्री बालगोविन्द्र चतुर्वेदी एवं मुरारी कुमार द्वारा शहर में भ्रमण कर सफाई कार्य एवं कचरा उठाव कार्य का निरीक्षण लगातार किया जा रहा है।

## मछली मारने के दौरान पलटी नाव मे डूबे युवक का शव 42 घंटे बाद मिला।

**रीवा।** जिले के सोहागी थाना क्षेत्र के टमस नदी के अमिलकोनी डैम के समीप मछली मारने के दीवान नाव पलट जाने के कारण एक युवक नदी में डूब गया था घटना के करीब 42 घंटे बाद युवक का शव रेस्क्यू कर नदी से बाहर निकाला गया है जिसके बाद शव को पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है, मिली जानकारी के अनुसार अमिल कोनी निवासी मंगल माझी उम्र 35 वर्ष रविवार की दोपहर नव से अमिलकोनी डैम टमस नदी पर मछली मारने गया हुआ था इसी दौरान अचानक नव अनबैलेंस होकर पलट गई थी, जिसके चलते युवक मंगल माझी भी पानी के तेज बहाव में बह गया था परिजनों को इसकी जानकारी देर शाम हुई जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद सोमवार की सुबह से सोहागी पुलिस सहित नगर सैनिकों की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची थी और युवक की तलाश टमस नदी में की जा रही थी घटना के तकरीबन 42 घंटे बाद युवक का शव रेस्क्यू कर नदी की गहराइयों से बाहर निकाला गया है, बताया गया है कि जिस स्थान पर यह घटना हुई थी वहां पानी का बहाव काफी तेज है जिसके चलते रेस्क्यू टीम को युवक को तलाशने में परेशानियों का सामना करना पड़ा पुलिस ने मामले में मार्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### एक लाख रुपए की नगदी व सोने के गहने ले कर हुए रफूचक्कर

# जिले के रामबाग में व्यापारी के घर चोरों ने देर रात बोला धावा

**रीवा।** जिले के पनवार थाना अंतर्गत रामबाग निवासी कमलेश वर्मा होटल व्यवसाय करते हैं। रविवार रात में कमलेश वर्मा और उनके परिवार के लोग घर में सो रहे थे। चोरों ने मकान में घुसकर कमरे में रखी अलमारी व संदूक के ताले तोड़ दिए। चोर अलमारी से दस बारह लाख सोने के जेवरात और एक लाख रुपये नकद और अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए। सुबह जब परिजन उठे तो कमरे में रखी सेफ का ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरा पड़ा था। पीड़ित ने बताया कि कुछ दिनों में बेटी की शादी होनी थी और बेटी के लिए सोने चांदी के जेवरात बनवा रखें थें। चोर घर से करीब दस-बारह लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गए हैं। पीड़ित ने बताया कि वह और अन्य परिजन रात को अपने अपने कमरों में खाना खाने के बाद सो गए थे। रात में हुई वारदात की उन्हें जरा भी भनक नहीं लगी। घटना की सूचना पर पनवार थाना प्रभारी और एसडीओपी रूपेन्द्र धुर्वे मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना किया। वहीं, पीड़ित ने मामले मे शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों की शिनाख्त कर गिरफ्तारी कर ली जाएगी।



## म.प्र. लघु वेतन कर्मचारी संघ का 47 वा त्रैवार्षिक अधिवेशन सीहोर में संपन्न



**रीवा।** मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ रीवा के संभागीय अध्यक्ष के.सी. त्रिपाठी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ का 47 वा त्रैवार्षिक अधिवेशन जिला सीहोर में दिनांक 7 जनवरी 2024 को संपन्न हुआ। अधिवेशन में निर्वाचन प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्वाचन अधिकारी श्री एम.पी.द्विवेदी प्रांताध्यक्ष लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ भोपाल ने महेंद्र शर्मा को प्रांताध्यक्ष, चूरामन रैकवार को प्रांतीय संरक्षक, मांगीलाल तमोली को प्रांतीय निर्णय समिति अध्यक्ष एवम संतोष चंद्रायन को प्रांतीय निरीक्षण समिति अध्यक्ष निर्विरोध घोषित किया गया है। अधिवेशन में प्रदेश के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी संभाग जिला अध्यक्ष सहित हजारों की संख्या में कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### सम्भाग रीवा का कर्मचारी जत्था वापस लौटा

संभागीय अध्यक्ष के. सी.त्रिपाठी ने बताया कि सीहोर अधिवेशन के समापन पश्चात कर्मचारियों का जत्था रेवांचल एक्सप्रेस से रीवा वापस आ गया है। पदाधिकारियो में पूर्व प्रांताध्यक्ष लल्लू लाल मिश्रा, पूर्व उपरांत अध्यक्ष मोतीलाल शर्मा, जिला अध्यक्ष सतना रमाकांत मिश्रा, जिला अध्यक्ष सीधी श्रवण कुमार मिश्रा, जिला अध्यक्ष सिंगरौली रामलगन पाल, नेपाल सिंह, छोटेलाल गुप्ता, मनोरंजन यादव, जयप्रकाश पांडे, सुरेश सिंह, दीपक साकेत, राजेंद्र पांडे, देवनारायण पटेल,चंद्रभान कोल सहित अनेकों कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रदेश के सभी कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

# धर्म की रक्षा एवं जनमानस की सुरक्षा युवाओं का पहला कर्तव्य : सूर्यप्रकाश

### युवाओं ने शुरू किया हनुमत सेवा अभियान

**रीवा।** इन दिनों युवाओं में भी सनातन धर्म के प्रति समर्पण देखने को मिल रहा है। श्रीमानसपीठ खजुरीताल के पीठाधीश्वर श्रीरामललाचार्य जी महाराज के मार्गदर्शन में युवा एकता परिषद के युवाओं द्वारा हनुमत सेवा अभियान अंग्रेजी वर्ष 2024 के प्रथम मंगलवार 2 जनवरी को रीवा जिले के परमहंस आश्रम हनुमान गढ़ी बक्क्षेरा अमिलिया से प्रारंभ किया गया है। युवा टीम द्वारा परमहंस आश्रम हनुमान गढ़ी पहुँचकर हनुमान जी महराज को सिंदूर,चोला,पुष्पहार एवं फल मिष्ठान्न अर्पण किया। वहीं मंदिर परिसर में भव्य संगीतमयी सुंदरकांड पाठ करते हुए हनुमत ध्वजा लगाया गया,तदुपरांत आरती की गई एवं अंत में हनुमत ध्वज लगाया गया। इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य कलयुग के देवता हनुमान जी के ऐसे सभी मंदिरों की प्रमुखता से साफ सफाई, देखरेख व जीर्णोद्धार करना है जिन स्थापित प्रतिमाओं एवं मंदिरों का संचालन उत्कृष्ठ तरीके से नहीं हो पा रहा है। लगातार यह हनुमत सेवा अभियान युवा एकता परिषद के मुखिया पंडित सचिन शर्मा 'सूर्या' एवं सह संयोजक सूर्यप्रकाश द्विवेदी के कुशल नेतृत्व में चलाया जा रहा है। आज युवा टीम द्वारा सिविल लाइन स्थित हनुमान मंदिर में सर्वप्रथम साफ-सफाई की गई, इसके बाद हनुमंतलाल को सिंदूर चढ़ाकर चोला अर्पण किया गया व ध्वजा अर्पित किया गया। इस दौरान संगीतमयी सुंदरकांड पाठ किया गया व युवाओं ने मिलकर हनुमान चालीसा व आरती की फिर प्रसाद वितरित कर सभी की कुशलता हेतु प्रार्थना की। युवा एकता परिषद के मुखिया पंडित सचिन शर्मा 'सूर्या' ने बताया की हनुमत सेवा अभियान युवाओं को धर्म से जोड़ने का एक ऐसा प्रयास है जिसका उद्देश्य हनुमान मंदिरों का रख रखाव करते हुए व साफ सुधरा धार्मिक वातावरण निर्मित करना है। जिसमें वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन एवं युवाओं की बढ़ चढ़कर सहभागिता अपेक्षित है। अभियान का मूल उद्देश्य जन जन को धर्म के प्रति जागरूक करना है।



## जूनियर डॉक्टर ने हड़ताल में जाने की बनाई रणनीति

**रीवा।** पसोपेश में एसजीएमएच के मरीज वेतन विसंगति को लेकर जूनियर डॉक्टर हड़ताल में जाने की रणनीति बनाई है। इस बात की भनक जैसे ही अस्पताल में भर्ती मरीजों को लगी तो वे असमंजस में पड़ गये। फिलहाल जूनियर डॉक्टरो द्वारा मरीजों को आश्वासन दिया जा रहा है कि सरकार यदि उनकी मांगे मान ली तो वे हड़ताल पर नहीं भी जा सकते है। दो दिन पूर्व श्यामशाह मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टरों ने वेतन विसंगति को लेकर आपस में बैठक की। जूनियर डॉक्टर्स के अध्यक्ष डॉ. आशय द्विवेदी के नेतृत्व में हुई बैठक में यह तय किया गया कि शासन-प्रशासन को जगाने के लिए क्रमशः हड़ताल करेंगे, ताकि मरीजों को उपचार करवाने में कोई असुविधा उत्पन्न न होने पाये। यदि शासन-प्रशासन उनकी मांगो को नजर अंदाज करती हैं तो 13 जनवरी से उपचार के लिए आने वाले मरीज एंव भर्ती मरीजों को सेवाएं देना बंद कर देंगे। इसके पूर्व यह तय किया गया है कि 10 जनवरी को समस्त जूनियर डॉक्टर्स प्रतिरात्मक रूप से काली पट्टी बांध कर चिकित्सीय सेवा करेंगे। पहले दिन के प्रतिरात्मक रूप पर किये गये हड़ताल में सरकार ने उनकी मांग को नहीं सुनी तो 11 एंव 12 जनवरी को ओपीडी एंव रूटीन सेवाएं बंद कर दी जायेंगी। तब भी सरकार नहीं मानी तो 13 जनवरी से आकस्मिक सेवाएं भी बंद कर दी जायेंगी और जूडा पूरी तरह से काम बंद हड़ताल पर उतर जायेंगे। इस संबंध में जूनियर डॉक्टर्स के अध्यक्ष डॉ. आशय द्विवेदी ने बताया कि जूनियर डॉक्टर्स को 3-4 माह से वेतन नहीं दिया गया है। जूनियर डॉक्टर्स की मांग है कि जनवरी माह के पहले तक का वेतन दिया जाये और साथ ही वजीफा का लाभ दिया जाये। इतना ही नहीं लिखित में दिया जाये कि प्रत्येक माह की 5 तारीख को जूनियर डॉक्टर्स का वेतन दे दिया जायेगा। जूडा अध्यक्ष ने बताया कि हड़ताल में जाने के पूर्व अपनी मांगो के संबंध में कलेक्टर सहित एसजीएमएच अधीक्षक, सीएमओ को लिखित में सूचना दे दी गई है।



## आर्योदय पब्लिक स्कूल अतरैला में जाकर की गई स्कूल बसों की जांच

**रीवा।** परिवहन सुरक्षा स्क्वाड रीवा द्वारा आर्योदय पब्लिक स्कूल अतरैला में जाकर स्कूल बसों का औचक निरीक्षण किया गया।स्कूल में 4 बसे मौके पर मौजूद पाई गई जिसका मौजूदा स्टाफ ने भौतिक रूप से परीक्षण किया वाहनों के परमिट फिटनेस वैध पाए गए। वाहनों के भौतिक रूप से परीक्षण करने पर एक बस में अग्निशमन यंत्र नहीं पाया गया और दूसरी बस में खिड़कियों में जाली लगी हुई नहीं पाई गई जिसके लिए परिवहन विभाग द्वारा मौके पर ही दोनों बसों पर चालानी कार्रवाही की गई।इसके अलावा परिवहन विभाग द्वारा यात्री बसों के जांच का कार्य लगातार आज भी जारी रहा,आज किए गए जांच के दौरान 9 यात्री बसों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई जिसमें 6 बसे ऑल इंडिया परमिट पर चलती पाई गईं। कलेक्टर के आदेशानुशार मार्ग पर कोहरे को देखते हुए स्कूल बसों के विरुद्ध दूर दराज के ग्रामीण इलाकों पर जाकर आरटीओ रीवा के निर्देशन में परिवहन सुरक्षा स्क्वाड के द्वारा यह जांच की गई। रीवा जिले में सिरमौर के आगे जवा पटेहरा अतरैला मार्ग में काफी घना कोहरे का वातावरण रहता है, जिसके लिए परिवहन सुरक्षा स्क्वाड ने वही मौके पर जाकर इन बसों की जांच की। परिवहन स्टाफ द्वारा स्कूल प्रबंधन को निर्देशित भी किया गया की सभी बसें मोटरयान अधिनियम के अनुरूप चलाएं बसों में अग्नि शमन यंत्र फर्स्ट एड बॉक्स बसों में दोनों तरफ जालिया हो अवश्य लगी हो जिससे बच्चे हाथ बाहर ना निकाल सके। परिवहन विभाग के द्वारा स्कूल बसों के विरुद्ध यह जांच अभी लगातार जारी रहेगी। आज की गई इस कार्यवाही से परिवहन विभाग को 67000 रुपए का शासकीय राजस्व प्राप्त हुआ।



## समान थाना प्रभारी निकले कानूनविद्

**रीवा।** थाना प्रभारी समान के संबंध में जितना भी बखान किया जाये तो शायद कम होंगे। तत्कालीन एसपी नवनीत भसीन के कार्यकाल में मनगवां थाना में एक नहीं दो महिला उप निरीक्षकों का एसपी के सामने पेश होकर अचानक तबादला करवा लेना किसी से छुपा नहीं है। इसी प्रकार एसपी द्वारा विवि थाना से शहर से बाहर मनगवां थाना तबादला कर देना भी कहीं न कहीं चर्चा का विषय रहा है। समान थाना की जब से कमान संभाली तो समान थाना भी सुर्खियों में आ गया। अपराधियों द्वारा थाना में तोड़ फोड़ करना पुलिस की वर्दी फाडना रीवा की जनता भूल नहीं पाई कि मंगलवार के दिन नया मामला सामने आ गया। जिसमें आरक्षक के साथ हुई साधारण मारपीट के मामले में समान थाना प्रभारी ने आरोपी अभिमन्यु सिंह पर हत्या के प्रयास का अपराध पंजीबद्ध कर लिया। सोच का विषय यह है कि आरक्षक को ऐसी कोई गंभीर चोट नहीं लगी और न ही मेडिकल रिपोर्ट बता रही यहां तक की प्राथमिक उपचार के बाद एसजीएमएच से आरक्षक की छुट्टी कर दी गई ऐसे में मारपीट करने वाले आरोपी अभिमन्यु सिंह पर हत्या के प्रयास का अपराध पंजीबद्ध कर लेना कहीं न कहीं थाना प्रभारी को कानूनविद की संज्ञा प्रदान करता है। मंगलवार के दिन श्री राजपूत करणी सेना संगठन एसपी कार्यालय पहुंच कर वस्तु स्थिति से एएसपी को अवगत कराया। बताया कि जिस आरक्षक से मारपीट की गई थी वह वर्दी पर नहीं था और शराब के नशे में था। गाड़ी हटाये जाने को लेकर आरक्षक और अभिमन्यु सिंह के बीच विवाद हुआ जो जिसमें हल्की मारपीट हुई। हल्की मारपीट पर हत्या के प्रयास का अपराध दर्ज करना गलत है, इसकी किसी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी से जांच करवाई जाये।

## 9 वें दिन इटार पहाड़ में मिली लापता युवक की लाश

### धड़ से सिर था गायब, परिजनों ने लगाया जाम

**रीवा।** शहर से चंद किलो मीटर गुढ़ थाना क्षेत्र में लापता युवक का शव इटार पहाड़ में मिला। शव से युवक का सिर गायब था। गुढ़ पुलिस की लापरवाही से आक्रोशित लोगों ने शव को रास्ते में रख कर जाम लगा दिया। पुलिस पर कातिलों को बचाये जाने का आरोप परिजन लगाते रहे। मंगलवार को इटार पहाड़ में चरवाहों ने युवक का शव देखा। शव की पहचान लापता सतीश द्विवेदी उर्फ कराते पिता रमाकांत द्विवेदी 35 वर्ष निवासी बांधी डढ़वा के रूप में की गई। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा पीएम कार्रवाही करती कि उसके पहले ही मृतक के परिजन पुलिस की लापरवाही बरते जाने के विरोध में आक्रोशित होकर शव को लेकर मार्ग में जाम लगा दिया। परिजनों का आरोप है कि सतीश द्विवेदी की हत्या सौर्य ऊर्जा में सिक्योरिटी पर काम करने वाले बृजेंद्र सिंह, पुष्पराज सिंह एंव रामकृष्ण द्विवेदी ने मिलकर की है। बताया कि सतीश द्विवेदी सौर्य ऊर्जा में सिक्योरिटी के पद पर काम करता था। जो किसी कारण से छोड़ दिया। सतीश द्विवेदी के तीन माह का वेतन नहीं दिया गया था। जिसे मांगने सतीश एक बार गया तो उसे बंधक बना कर उपरोक्त लोगों ने मारपीट किया था। परिजनों ने बताया कि सतीश द्विवेदी 31 दिसबंर की शाम से लापता हो गया था। तलास करने पर जब कोई सुराग नहीं लगा तो गुढ़ थाना पहुंचे और सतीश का अपहरण कर हत्या किये जाने की आशंका जताई साथ ही संदेह जताया कि बृजेंद्र सिंह, पुष्पराज सिंह एवं रामकृष्ण द्विवेदी ने वारदात को अंजाम दिया होगा। लेकिन पुलिस उनकी नहीं सुनी और गुमशुदगी की रिर्पोट लिखने की बात करती रही। तब एसपी कार्यालय में जाकर गुढ़ पुलिस की शिकायत करते हुए खोये हुए अपने को तलास करने की बात रखी थी। उसके बावजूद भी गुढ़ पुलिस की जूं नहीं रेंगी, परिणाम यह निकल कर सामने आया कि आज सतीश द्विवेदी की लाश इटार पहाड़ में मिली। जिसकी तलवार से गला रेत कर तेजाब डालने के साथ ही मौत के घाट उतार दिया।

## यातायात पुलिस ने ऑटो चालकों के खिलाफ की चलानी कार्यवाही






**मऊगंज।** जिले के पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन के द्वारा यातायात को सुगम व उसे सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के पुलिस थानों को निर्देश दिए गये है। जिसको लेकर मऊगंज जिले में बीते दो माह से लगातर मऊगंज यातायात प्रभारी अमित विश्वकर्मा द्वारा यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और उसके नियमों का उल्लंघन करने बालो के खिलाफ कार्यवाही जारी है। जिसको लेकर मऊगंज नगर में यातायात में अवरोध उत्पन्न करने बाले ऑटो चालक को बार बार हिदायत दी जाती रही लेकिन इनके ऊपर उसका कोई असर नहीं हो पड़ रहा था। ऐसे में यातायात नियमों के उल्लंघन और सड़क पर अवरोध उत्पन्न करते पाये गये 08 ऑटो चालकों के विरुद्ध चलानी कार्यवाही की गई है।

## मऊगंज में मकर संक्रांति पर 11 से 15 जनवरी तक आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**मऊगंज।** जिले में मकर संक्रांति के अवसर पर 11से 15 जनवरी तक सप्ताह भर के कार्यक्रम आयोजित किया जायेगे। इस संबंध में कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने बताया कि 11 जनवरी से 15 जनवरी तक युवाओं तथा महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ।मकर संक्रांति के पुण्यकाल में धार्मिक परंपराओं को विज्ञान के साथ जोड़ते हुए तकनीकी शिक्षा विभाग ,स्कूल शिक्षा विभाग तथा उच्च शिक्षा विभाग मिलकर विज्ञान मेले का आयोजन कराएंगे। मुख्यमंत्री मोहन यादव 10 जनवरी को लाडली बहन योजना की राशि महिलाओं के खाते में जारी करेंगे। इस दिन सभी नगरीय निकाय और ग्राम पंचायत में महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिले के कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास इसके लिए आवश्यक प्रबंध करें। कलेक्टर ने बताया कि 11 से 15 जनवरी तक परंपरागत खेलों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा ।जिला खेल अधिकारी ,जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी इसके आयोजन के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे। जिले में 11 से 12 जनवरी तक रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से शिक्षित युवाओं विशेष कर महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के प्रयास किए जाएंगे। महाप्रबंधक उद्योग रोजगार मेले के आयोजन के लिए आवश्यक प्रबंध करें ।जिले के सभी विद्यालयों में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस के अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाएगा। इस इसी अवधि में 11 से 17 जनवरी तक सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जाएगा ।इसमें पुलिस तथा परिवहन विभाग मिलकर वाहन चालकों को यातायात नियमों के संबंध में जागरूक करेंगे ।यातायात नियम का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की भी की जाएगी।

